## समीक्षा प्रतिवेदनः–

विभागीय कार्यालय आदेश सं0–642 दिनांक–12.12.2018 को आलोक में दिनांक–14.12.2018 एवं 15.12.2018 को मुंगेर एवं जमुई के नगर निकायों में क्रियान्वित स्वच्छ भारत मिशन (IHHL एवं CT) एव सबके लिए आवास योजना से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गयी।

**नगर पंचायत, झाझा (दिनांक–15.12.2018)**

(A) प्लास्टिक कैरी बैग का प्रतिबंध हेतु कुल 28 बैनर प्रिंट कराये गए है तथा 400 पत्रक विभिन्न जगहों पर बाँटे गए हैं।

(B) प्लास्टिक कैरी बैग का प्रतिबंध माईक द्वारा प्रचार–प्रसार कराया गया है। प्लास्टिक स्टॉकिस्ट दुकानदान कैरी बैग बिक्री करना बन्द कर दिये हैं। नुक्कड़ नाटक द्वारा प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है।

(C) C.T हेतु कुल 22 योजनाएँ ली गई है, जिसमें कोई भी योजना पूर्ण नहीं है सभी 22 योजनाओं को शीघ्र ही पूरा करने हेतु निदेश दिया गया है।

(D) सम्राट अशोक भवन हेतु निविदा कर दी गई है लेकिन T.S एवं B.O.Q अनुमोदन हेतु प्राक्कलन शीघ्र समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया है।

(E) नाली–गली पक्कीकरण योजना हेतु कुल 31 योजनाएँ ली गई है, जिसमें 22 योजना पूर्ण की गई है तथा शेष 09 योजनाओं को शीघ्र पूरा करने हेतु निदेश दिया गया है।

(F) हर घर नल–जल हेतु कुल 28 योजनाएँ ली गई है। जिसमें कोई पूर्ण नहीं है। अतः सभी योजनाएँ शीघ्र पूरा करने हेतु निदेश दिया गया है।

**नगर परिषद, जमुई (दिनांक–15.12.2018)**

(A) प्लास्टिक कैरी बैग का प्रतिबंध हेतु कुल 109 बैनर प्रिंट कराये गए है तथा 1000 पत्रक विभिन्न जगहों पर बाँटे गए हैं।

(B) प्लास्टिक कैरी बैग का प्रतिबंध माईक द्वारा प्रचार–प्रसार कराया गया है। प्लास्टिक स्टॉकिस्ट दुकानदान कैरी बैग बिक्री करना बन्द कर दिये हैं। नुक्कड़ नाटक द्वारा प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है।

(C) C.T हेतु कुल 02 योजनाएँ ली गई है तथा दोनों योजनाएँ वार्ड नं0–05 एवं 17 में करा लिया गया है।

(D) सम्राट अशोक भवन हेतु जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा राशि भी वापस कर दी गयी है।

(E) मुख्यमंत्री नाली–गली पक्कीकरण योजना हेतु कुल 78 योजनाएँ ली गई है, जिसमें 66 योजनाएँ पूर्ण की गई है तथा शेष 12 योजनाओं को शीघ्र पूरा करने हेतु निदेश दिया गया है।

(F) हर घर नल–जल निश्चय योजना हेतु कुल 30 योजनाएँ ली गई है। जिसमें 17 भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, मुंगेर एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, जमालपुर द्वारा मिटिंग एवं प्रभात फेरी में व्यस्त रहने के कारण प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि बाद में विभाग को इससे संबंधित प्रतिवेदन समर्पित कर दी जायेगी।

17/01/19

(कुमार अभिषेक)
सहायक अभियंता
नगर विकास एवं आवास विभाग